City भास्कर

जयपुर, गुरुवार, 12 दिसंबर 2019 . 20

# 14 साल में चुने 740 शब्दों पर छात्रों ने बनाए मॉडल

## जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल में द सौवेनीर, अ नाइट एट द म्यूजियम, फ्रैक्शन एक्शन, सेंसरीऑर्गंस, द वॉलकैनो व द फोर्स का मंचन



सिटी रिपोर्टर . जयपुर

कोर्स बुक में किसी भी चैप्टर को समझने के लिए उसमें से सबसे मुश्किल टर्म्स का चुनाव करें। यह न सिर्फ आपको चैप्टर से रूबरू कराएगा बल्कि टर्म का मतलब व एप्लीकेशन भी आप सीख पाएंगे। भारत की नदियों व जियोग्राफी समझने के लिए 740 शब्दों का इस्तेमाल कर महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय म्यूजियम की ओर से जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल का आयोजन किया गया है। यह शब्द चौथी क्लास से 12वीं क्लास के कोर्स से लिए गए, जिसमें 14 सालों का समय लगा।

सिटी पैलेस में हो रहे इस फेस्टिवल में इन शब्दों के उपयोग से शहर के करीब 20 स्कूल्स के मॉडल्स डिसप्ले किए गए हैं। जो देश की नदियों पर आधारित है। यही नहीं इन मॉडल्स को स्कूल के बाकी स्टूडेंट्स भी देख सके, ऐसे में इन्हें मिठाई के एक किलो के डिब्बे में तैयार किया गया। जिसे बंद कर, उनपर अल्फाबेट मार्किंग से स्कूल लाइब्रेरी में बाकी स्टूडेंट्स के लिए रखा जाए।

यानि फेस्टिवल में डिसप्ले 250 मॉडल्स को स्कूल रीयूज कर सकते हैं। फेस्टिवल के दूसरे दिन एकेडमिक नाटकों का मंचन भी हुआ। जिसमें द सौवेनीर, अ नाइट एट द म्यूजियम, फ्रैक्शन एक्शन, सेंसरी ऑर्गंस, द वॉलकैनो व द फोर्स शामिल रहे। कार्यक्रम में स्टूडेंट्स को क्रॉस वर्ड्स भी भरने के लिए दिए गए। जिन्हें छठी से 10वीं कक्षा तक की हिस्ट्री, मैथ्स, फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, जियोग्राफी व पॉलिटीकल साइंस पर बनाया गया।

JAIPUR, THURSDAY
12/12/2019

पत्रिका PLUS

# 'जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल' में शामिल हुए 1426 स्टूडेंट्स



पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जयपुर ◆ सिटी पैलेस में आयोजित किए जा रहे चार दिवसीय 'जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल' के दूसरे दिन 20 स्कूलों के 1426 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। यह फेस्टिवल महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय की ओर से आयोजित किया जा रहा है। संग्रहालय के निदेशक (शिक्षा) संदीप सेठी ने यह जानकारी दी। फेस्ट में स्टूडेट्स ने 'सरस्वती के भजन, 'वैष्णव जन तो' और 'रघुपति राघव राजा राम' जैसे भजन प्रस्तुत किए। 'बी द चेंज यू विश टू सी इन इंडिया', 'लाइफ जर्नी ऑफ सावित्री बाई फुले' और 'रिवर्स ऑफ इंडिया' जैसे विषयों पर नाटक प्रस्तुत किए गए। स्टूडेंट्स ने जल संरक्षण,, सड़क सुरक्षा जैसे विषयों पर प्रस्तुतियां दी। साथ ही अशोक, रजिया सुल्तान, ओटो वॉन बिस्मार्क जैसे प्रसिद्ध एतिहासिक व्यक्तियों की वेशभूषा में सजे स्टूडेंट्स ने इन पात्रों के सकारात्मक व नकारात्मक तथ्यों को साकार किया। गुरुग्राम के स्टूडेंट्स ने कालबेलिया, साबरमती नदी की जीवन कथा, नर्मदा, गंगा व कावेरी के जल को प्रदूषण मुक्त बनाने पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियां दी। इस फेस्टिवल में भाग ले रहे स्कूलों के स्टूडेंट्स की विभिन्न रचनाओं को लाइव एग्जीबिशन में प्रदर्शित किया जा रहा है। इनमें पेंटिंग्स, थ्री डी मॉडल, प्रख्यात एतिहासिक व्यक्तियों की लाइव पेंटिंग, इंस्टॉलेशन, क्रॉसवर्ड, ऑडियोबुक व फिल्में शामिल हैं।

METRO mix

जयपुर, गुरुवार, 12 दिसंबर 2019

# स्टूडेंट्स नें परंपराओं को किया साकार

## 20 स्कूलों के 1426 स्टूडेंट्स ने लिया भाग





**डेली न्यूज, mix रिपोर्टर, जयपुर।** महाराजा सवाई मानसिंह (एमएसएमएस) द्वितीय संग्रहालय की ओर से आयोजित 'जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल' के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने विभिन्न प्रस्तुतियां दी। सिटी पैलेस में आयोजित किए जा रहे चार दिवसीय फेस्टिवल में दूसरे दिन 20 स्कूलों के 1426 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय के निदेशक (शिक्षा) संदीप सेठी ने बताया कि फेस्ट में स्टूडेट्स ने सरस्वती के भजन, 'वैष्णव जन तो' और 'रघुपति राघव राजा राम' जैसे भजन प्रस्तुत किए। 'बी द चेंज यू विश टू सी इन इंडिया', और 'रिवर्स ऑफ इंडिया' जैसे विषयों पर नाटक प्रस्तुत किए गए। स्टूडेंट्स ने जल संरक्षण, जल संकट, सड़क सुरक्षा जैसे विषयों पर प्रस्तुतियां दी। साथ ही अशोक, रजिया सुल्तान, ओटो वॉन बिस्मार्क जैसे प्रसिद्ध ऐतिहासिक व्यक्तियों की वेशभूषा में सजे स्टूडेंट्स ने इन पात्रों के सकारात्मक व नकारात्मक तथ्यों को साकार किया। गुरुग्राम के स्टूडेंट्स ने कालबेलिया, साबरमती नदी की जीवन कथा, नर्मदा, गंगा व कावेरी के जल को प्रदूषण मुक्त बनाने पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियां दी। इस फेस्टिवल में लाइव एग्जीबिशन का आयोजन भी किया जा रहा है।

Nav Xpress
दैनिक नवज्योति
Jaipur | Thursday | 12.12.2019

# 'जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल' में शामिल हुए 1426 स्टूडेंट्स

**Nav Xpress** | सिटी पैलेस में आयोजित किए जा रहे चार दिवसीय 'जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल' के दूसरे दिन बुधवार को 20 स्कूलों के 1426 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। यह फेस्टिवल महाराजा सवाई मान सिंह (एमएसएमएस) द्वितीय संग्रहालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय के निदेशक (शिक्षा) संदीप सेठी ने यह जानकारी दी। टैगोर इंटरनेशनल स्कूल और महाराजा सवाई भवानी सिंह स्कूल के विद्यार्थियों ने गीत प्रस्तुत किए। इन स्कूलों के स्टूडेंट्स ने जल संरक्षण, जल संकट, सड़क सुरक्षा जैसे विषयों पर प्रस्तुतियां दी। अशोक, रज़िया सुल्तान, ओटो वॉनबिस्मार्क जैसे प्रसिद्ध ऐतिहासिक व्यक्तियों की वेशभूषा में सजे स्टूडेंट्स ने इन पात्रों के सकारात्मक व नकारात्मक तथ्यों को साकार किया। विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थियों ने कालबेलिया, साबरमती नदी की जीवन कथा नर्मदा, गंगा व कावेरी के जल को प्रदूषण मुक्त बनाने पर



आधारित खूबसूरत नृत्य शामिल थे। स्टूडेंट्स व विजिटर्स के लिए पतंग बनाने, ब्लॉक प्रिंटिंग व क्ले पर आधारित क्राफ्ट वर्कशॉप भी आयोजित की गई।

राष्ट्रदूत जयपुर, 12 दिसम्बर, 2019

# हिस्ट्री फेस्टिवल में आये 1426 स्टूडेंट्स

जयपुर। सिटी पैलेस में आयोजित किए जा रहे चार दिवसीय 'जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल' के दूसरे दिन 20 स्कूलों के 1426 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। यह फेस्टिवल महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय के निदेशक, संदीप सेठी ने यह जानकारी दी। सेंट एडमंड्स स्कूल, शांति एशियाटिक स्कूल और एस.वी. पब्लिक स्कूल के स्टूडेट्स द्वारा आध्यात्मिक प्रातकालीन भजनों की प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई।

जयपुर,
12 दिसम्बर 2019

समाचार जगत

# 'जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल' में स्टूडेंट्स के रंगारंग कार्यक्रम




**जयपुर (कासं.)।** महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय द्वारा सटी पैलेस में आयोजित किए जा रहे 'जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल' के दूसरे दिन 20 स्कूलों के करीब 1400 स्टूडेंट्स ने भाग लिया।

एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय के निदेशक संदीप सेठी के अनुसार सेंट एडमंड्स स्कूल, शांति एशियाटिक स्कूल और एस.वी. पब्लिक स्कूल के स्टूडेट्स द्वारा आयात्मिक प्रातकालीन भजनों की प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इन्होंने ज्ञान की देवी, सरस्वती के भजन, 'वैष्णव जन तो' और 'रघुपति राघव राजा राम' जैसे भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद द पैलेस स्कूल, सेंट एंसलम्स स्कूल, मालवीय कन्वेंट स्कूल, कैंडलविक और एसआरएन इंटरनेशनल स्कूल के स्टूडेंट्स द्वारा दिलचस्प नाटक पेश किए गए। साथ ही टैगोर इंटरनेशनल स्कूल और महाराजा सवाई भवानी सिंह स्कूल के बच्चों ने गीत प्रस्तुत किए। इन स्कूलों के स्टूडेंट्स ने जल संरक्षण, जल संकट, सड़क सुरक्षा जैसे विषयों पर प्रस्तुतियां दी। सम्राट अशोक, रज़िया सुल्तान, ओटो वनबिस्मार्क जैसे प्रसिद्ध ऐतिहासिक व्यक्तियों की वेशभूषा में सजे स्टूडेंट्स ने इन पात्रों के सकारात्मक व नकारात्मक तथ्यों को साकार किया।

सेंट एडमंड्स स्कूल और सीडलिंग पब्लिक स्कूल द्वारा शैक्षिक नाटकों का प्रदर्शन किया गया और राष्ट्रगान शांति एशियाटिक स्कूल द्वारा किया गया। द पैलेस स्कूल, कैंब्रि कोर्ट स्कूल, मालवीय कन्वेंट स्कूल एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल, गुरूग्राम सैक्टर-45 के छात्रों ने नृत्यों प्रस्तुतियां दी गई। इनमें कालबेलिया, साबरमती नदी की जीवन कथा, नर्मदा, गंगा व कावेरी के जल को प्रदूषण मुक्त बनाने पर आधारित खूबसूरत नृत्य शामिल थे।

उद्योग आसपास

जयपुर, गुरुवार, 12 दिसम्बर 2019

### महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय म्यूजियम में शुरू हुआ 3 दिवसीय फेस्टिवल

# गीत, नृत्य और नाटकों की रंगारंग प्रस्तुति के साथ शुरू हुआ 'जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल'



**जयपुर।** सिटी पैलेस में मंगलवार से जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल की भव्य शुरूआत हुई। बीस स्कूलों के एक हजार से ज्यादा छात्रों ने यहां आ कर इतिहास देखा और गीत, नृत्य, लाइव क्राफ्ट, फिल्म, क्विज, भजन, आर्टवर्क और कई अन्य तरीकों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह फेस्टिवल महाराजा सवाई मानसिंह (एमएसएमएस) द्वितीय म्यूजियम की ओर से आयोजित किया गया है। फेस्टिवल शुक्रवार तक चलेगा। एमएसएमएस द्वितीय म्यूजियम के डायरेक्टर ( शिक्षा) संदीप सेठी ने बताया कि दिन की शुरूआत गांधी भजन के साथ हुई। इसमें सीडलिंग पब्लिक स्कूल और दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रस्तुति दी। इसके बाद महाराजा सवाई भवानी सिंह स्कूल की ओर से 'सावित्री बाई फूले', जयपुर विद्यालय की ओर से बलिदान द्वारा हासिल की गई आजादी, दिल्ली पब्लिक स्कूल की ओर से हमारी समृद्ध विरासत के लिए जागरुकता और कपिल ज्ञान पीठ सहित अन्य स्कूलों की ओर से स्किट प्रस्तुत किए गए। इसी तरह माहेश्वरी पब्लिक स्कूल प्रताप नगर की ओर से पानी के लिए संघर्ष पर गीत तथा संस्कार पब्लिक स्कूल की ओर से नदियों के महत्व पर रॉक बैंड प्रस्तुत किया गया।

सांध्य ज्योति दर्पण

जयपुर, बुधवार, 11 दिसम्बर, 2019

# गीत, नृत्य और नाटकों की रंगारंग प्रस्तुति के साथ शुरू हुआ 'जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल'

## महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय म्यूजियम में शुरू हुआ 3 दिवसीय फेस्टिवल



**जयपुर, 11 दिसंबर।** सिटी पैलेस में मंगलवार से जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल की भव्य शुरूआत हुई।

बीस स्कूलों के एक हजार से ज्यादा छात्रों ने यहां आ कर इतिहास देखा और गीत, नृत्य, लाइव क्राफ्ट, फिल्म, क्विज, भजन, आर्टवर्क और कई अन्य तरीकों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह फेस्टिवल महाराजा सवाई मानसिंह (एमएसएमएस) द्वितीय म्यूजियम की ओर से आयोजित किया गया है।

फेस्टिवल शुक्रवार तक चलेगा। एमएसएमएस द्वितीय म्यूजियम के डायरेक्टर (शिक्षा) संदीप सेठी ने बताया कि दिन की शुरूआत गांधी भजन के साथ हुई। इसमें सीडलिंग पब्लिक स्कूल और दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रस्तुति दी। इसके बाद महाराजा सवाई भवानी सिंह स्कूल की ओर से 'सावित्री बाई फूले', जयपुर विद्यालय की ओर से बलिदान द्वारा हासिल की गई आजादी, दिल्ली पब्लिक स्कूल की ओर से हमारी समृद्ध विरासत के लिए जागरुकता और कपिल ज्ञान पीठ सहित अन्य स्कूलों की ओर से स्किट प्रस्तुत किए गए। इसी तरह माहेश्वरी पब्लिक स्कूल प्रताप नगर की ओर से पानी के लिए संघर्ष पर गीत तथा संस्कार पब्लिक स्कूल की ओर से नदियों के महत्व पर रॉक बैंड प्रस्तुत किया गया।